आकाशवाणी श्री विजयपुरम

<>

दिनांक : 22.11.2026 समय : 1905

1. पर्यटन निदेशालय की ओर से समुद्री साहसिक पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए आसियान–भारत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।
2. एंडरसन द्वीप की एकीकृत प्रबंधन योजना तैयार करने के लिए 26 नवंबर को चेनपुर सामुदायिक भवन में जन सुनवाई आयोजित की जाएगी।
3. संयुक्त संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय द्वारा रंगत के बीएसएनएल कार्यालय में त्रैमासिक पेंशन अदालत और डीएलसी 5.0 अभियान का आयोजन किया जाएगा।
4. कन्यापुरम् ग्राम पंचायत में वर्ष 2027–28 की वार्षिक विकास योजना का प्रारूप तैयार करने के लिए कल होगी ग्राम सभा की बैठक।

<>

पर्यटन निदेशालय की ओर से आगामी 'समुद्री साहसिक पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों पर आसियान–भारत सम्मेलन' में भाग लेने के लिए स्थानीय टूर ऑपरेटरों, क्रूज ऑपरेटरों और होटल व्यवसायियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह सम्मेलन 3 और 4 दिसंबर को स्वराज द्वीप में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आसियान सदस्य देशों और भारत के प्रतिनिधियों, राजनयिकों और उद्योग जगत के नेता भाग लेंगे। विषयगत सत्रों के साथ–साथ, सम्मेलन में बी 2 बी बैठकें, पर्यटन व्यापार एक्सपो और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए भागीदारी शुल्क 10 हजार रूपये निर्धारित की गई है। इसके अलावा प्रदर्शनी स्टॉल और ट्रैवल डेस्क शुल्क 10 हजार रूपये प्रति स्टॉल रखा गया है। इच्छुक प्रतिभागी 'Chief Financial Officer, ANIIDCO Ltd' के पक्ष में जारी डिमांड ड्राफ्ट के साथ आवेदन फार्म 25 नवंबर, तक निदेशालय के योजना अनुभाग में जमा कर सकते हैं। आवंटन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

<>

गोवा के पणजी में 57वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आज तीसरा दिन है। आज के मुख्य आकर्षणों में ब्रिक्स फिल्म प्रदर्शन शामिल है। इसका उद्घाटन नितेश तिवारी की रामायणः राइज ऑफ ए लीजेंड – पार्ट 1 के प्रदर्शन के साथ हुआ। इससे पहले, सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अपर सचिव, ए. एस. प्रभात ने ब्रिक्स गोलमेज सम्मेलन की अध्यक्षता की। उन्होंने सिनेमा के जरिए से सदस्य देशों के बीच सहयोग मजबूत करने की संभावनाओं का उल्लेख किया। श्री प्रभात ने कहा कि सिनेमा में साझा मानवीय अनुभवों के माध्यम से सांस्कृतिक समझ, सहानुभूति और संवाद को बढ़ावा देकर लोगों को एक साथ लाने की अनूठी क्षमता है।

<>

विज्ञान केन्द्र की ओर से युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता, नवाचार और वैज्ञानिक जिज्ञासा की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कक्षा आठवीं से ग्यारहवीं के छात्रों के लिए एक राज्य स्तरीय विज्ञान परियोजना प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 5 दिसंबर को दोपहर साढ़े बारह बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक विज्ञान केन्द्र में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में छात्रों को वर्किंग मॉडल और विज्ञान–आधारित परियोजनाओं के माध्यम से अपने वैज्ञानिक विचारों, नवाचारों और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रत्येक स्कूल अधिकतम दो वर्किंग प्रोजेक्ट नामांकित कर सकता है, जिसमें प्रत्येक प्रोजेक्ट का प्रतिनिधित्व एक छात्र करेगा। इच्छुक स्कूलों और छात्रों से 2 दिसंबर को दोपहर 2 बजे तक वर्किंग मॉडल के संक्षिप्त विवरण के साथ अपने नामांकन व्हाट्सएप के माध्यम से 9434263302 पर भेजने को कहा गया है।

<>

एंडरसन द्वीप की प्रारूप एकीकृत द्वीप प्रबंधन योजना तैयार करने के संबंध में 26 नवंबर को जन सुनवाई आयोजित की जाएगी। पर्यावरण एवं वन विभाग ने पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 के तहत इस जन सुनवाई के आयोजन के लिए आवेदन किया है। योजना के प्रारूप के साथ तटीय भूमि उपयोग मानचित्र और भू–आकृति विज्ञान मानचित्र अंडमान एवं निकोबार प्रशासन तथा पर्यावरण एवं वन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा, इन दस्तावेजों की प्रतियां

संबंधित विभागों और कार्यालयों में भी रखी गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जन सुनवाई 26 नवंबर को सुबह 11 बजे उत्तर एवं मध्य अंडमान जिले की मायाबंदर तहसील स्थित चेनपुर सामुदायिक भवन में आयोजित होगी।

<>

संयुक्त संचार लेखा नियंत्रक कार्यालय, अंडमान निकोबार सर्कल की ओर से रंगत के बीएसएनएल कार्यालय में दूरसंचार विभाग के पेंशनभोगियों के लिए त्रैमासिक पेंशन अदालत और डीएलसी 5.0 अभियान का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम कल सुबह 10 बजे से आरंभ होगा। इस संबंध में सभी पेंशनभोगियों से अपनी शिकायतें डाक या ईमेल के माध्यम से 20 नवंबर तक कार्यालय में भेजने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए, पेंशनभोगी सहायक लेखा अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है।


<>

अंडमान निकोबर प्रशासन ने द्वीपसमूह के सभी नागरिकों, सरकारी कर्मचारियों और सरकारी सेवाओं के लाभार्थियों से राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस सेवा वितरण मूल्यांकन 2025 के नागरिक सर्वेक्षण में भाग लेने की अपील की है। यह सर्वेक्षण भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग की ओर से कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य ऑनलाइन माध्यम से सरकारी सेवाओं का लाभ लेने वाले नागरिकों के अनुभव और सुझाव प्राप्त कर सेवाओं की गुणवत्ता, सुलभता एवं प्रभावशीलता का आकलन करना है। नागरिक सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए nesda.gov.in पर जा सकते है। सर्वेक्षण में भाग लेने की अंतिम तिथि 25 नवंबर है।


<>

दक्षिण अंडमान की कन्यापुरम् ग्राम पंचायत की ग्राम सभा की बैठक कल सुबह 10 बजे आदर्श ग्राम, कन्यापुरम् स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित की जाएगी। ग्राम पंचायत की ओर से सभी ग्रामीणों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की गई है। बैठक में वर्ष 2027–28 की वार्षिक विकास योजना का प्रारूप तैयार करने पर चर्चा होगी। इसमें विभिन्न सरकारी विभागों से संबंधित विकास कार्यों को भी शामिल किया जाएगा। इसके अलावा वीबी जी–राम–जी की वर्ष 2027–28 की वार्षिक योजना

के प्रारूप परभी विचार–विमर्श किया जाएगा। ग्राम पंचायत ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में शामिल होकर गांव के विकास से जुड़े सुझाव देने और योजना निर्माण में भागीदारी निभाने का अनुरोध किया है।



दूरदर्शन केंद्र श्री विजयपुरम अंडमान–निकोबार पुलिस के सहयोग से साइबर अपराध, साइबर सुरक्षा तथा मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर जागरूकता के लिए विशेष फोन–इन कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रत्येक सोमवार शाम 6 से साढ़े छ बजे तक प्रसारित होगा। पहली कड़ी कल से शुरू होगी, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ए एन टी एफ) दीपेंद्र कुमार सिंह युवाओं और विद्यार्थियों में नशे की समस्या पर विशेषज्ञ के रूप में सवालों के जवाब देंगे। दर्शक इस कार्यक्रम में फोन नंबर 244–745 या 245–662 पर कॉल करके प्रश्न पूछ सकते हैं।



विद्युत विभाग ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से उत्तीर्ण युवाओं के लिए एक वर्ष के व्यावहारिक प्रशिक्षण की घोषणा की है। इसके तहत कुल 90 युवाओं का चयन किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक चयनित युवा को प्रतिमाह 9,600 रुपये दिए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार www.apprenticeshipindia.org पर अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयनित युवाओं को द्वीप समूह के तीनों जिलों में बिजली विभाग के बिजलीघरों, विद्युत पारेषण एवं वितरण उपखंडों, कार्यशालाओं अथवा कार्यालयों में प्रशिक्षण दिया जाएगा।



कर्मचारी चयन आयोग की ओर से दिल्ली पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में सब–इंस्पेक्टर परीक्षा 2026–पेपर 1, दिल्ली पुलिस और सीएपीएफ में सब–इंस्पेक्टर परीक्षा, 2025 (पेपर–2) तथा जूनियर इंजीनियर (दूरसंचार) परीक्षा, 2026 का आयोजन कल से 28 नवंबर और 30 नवंबर से 1 दिसंबर तक किया जाएगा। परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के ई–प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।